राजस्थान पत्रिका

# लीवर से निकाली सुइयां

फतेहनगर, 20 सितम्बर [निसं]

अहमदाबाद के निजी चिकित्सालय में कस्बे की युवती का उपचार किया गया जिसमें उसके पेट से 9 सेमी. दो लम्बी सुइयां निकाली गई। आश्चर्य यह कि युवती को भी पता नहीं कि वे अंदर कैसे पहुंची। बीस वर्षीया युवती दो माह से असहनीय दर्द से पीड़ित थी। परिजन उसे लेकर जयपुर गए जहां जांच में उसके लीवर में दो सुई व पस होने की जानकारी दी गई। वहां इलाज संभव नहीं होने पर युवती के परिजन उसे अहमदाबाद ले गए जहां कई चिकित्सकों को दिखाने के बाद अंतिम प्रयास के रूप में निजी चिकित्सालय में दिखाया गया। यहां डॉ. हितेश चावड़ा ने जांच कर डॉ. पिंकेश ठक्कर व डॉ. किंजल पाण्डे के साथ मिलकर सफल ऑपरेशन किया और सुईयों को बाहर निकाल दिया। लीवर से करीब 350 ग्राम पस भी निकला। ऑपरेशन में करीब चार घंटे लगे। रोगी की हालत अब ठीक है।